भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 583

गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पूर्णिया में विमानपत्तन का निर्माण

583. श्री राजेश रंजन:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार बिहार के पूर्णिया में विमानपत्तन का निर्माण करने और विमान सेवाएं आरंभ करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने निर्माण कार्य के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर
नागर विमानन राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): जी हां। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) और बिहार राज्य सरकार के बीच दिनांक 05.06.2023 को पूर्णिया हवाईअड्डे पर एक सिविल एन्क्लेव के विकास हेतु सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के अधिकार क्षेत्र में है।

भाविप्रा ने पूर्णिया में सिविल एन्क्लेव के विकास के लिए 67.18 एकड़ भूमि का अनुरोध किया है। राज्य सरकार द्वारा भाविप्रा को भूमि सौंपी जानी है।

******